Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- एसीबी राजस्थान ने मनाया 69 वाँ स्थापना दिवसए भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनभागीदारी का दिया संदेश।

जयपुर, 15 जुलाई 2026। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), राजस्थान के 69 वें स्थापना दिवस के अवसर पर एसीबी मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एसीबी श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** द्वारा की गई ।

अपने संबोधन में अतिरिक्त महानिदेशक ने उपस्थित सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारीगण को एसीबी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एसीबी राजस्थान का ध्येय केवल भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना ही नहींए बल्कि शासन.प्रशासन में पारदर्शिताए नैतिकता एवं जनविश्वास को सुदृढ़ करना भी है। उन्होंने राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के प्रति एसीबी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रदेशवासियों से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की सूचना एसीबी **हेल्पलाइन 1064 एवं व्हाट्सएप 9413502834** पर देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीणा** ने किया तथा एसीबी राजस्थान के इतिहासए उपलब्धियों एवं राज्यभर में संचालित जनजागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा अशोक का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा एसीबी परिवार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्थापना दिवस की खुशी साझा करते हुए मिठाइयाँ वितरित की गईं।

समारोह में **पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती परिमलाए पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री गोवर्धन लाल सोकरिया** सहित एसीबी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।